दिनांक- 24.05.26 समय-07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गंगा दशहरा के अवसर पर उज्जैन में कार्यक्रमों में होंगे शामिल।
- भोपाल की ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में आज दिल्ली एम्स टीम ने किया दौबारा पोस्टमार्टम।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी। अधिकांश शहरों का तापमान 45 डिग्री के आसपास।

-----------

नागरिक अलंकरण समारोह-राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर, आकाशवाणी अपनी श्रृंखला पीपल्स पद्म आन आकाशवाणी के तहत 16 कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहा है। इन एपिसोड में, पद्म पुरस्कार विजेताओं के कार्यों और जीवन के बारे में जानकारी दी जाएगी। इनका प्रसारण आज और कल आकाशवाणी गोल्ड के 100 दशमलव 1 चैनल पर किया जाएगा। इन्हें न्यूज आन एयर और यूट्यूब चैनल पर भी सुना जा सकता है।

सी.बी.एस.ई.-प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी.बी.एस.ई को त्रुटिरहित पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहायता के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-आई.आई.टी मद्रास के प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों का एक दल तैनात करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय सी.बी.एस.ई के परीक्षा परिणाम सेवा पोर्टल के संबंध में विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंताओं और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि आई.आई.टी मद्रास का विशेषज्ञ दल प्रणाली में तकनीकी सुधार लागू करेगा और विशेष रूप से पोर्टल की स्थिरता और सर्वर के सुचारू संचालन की जांच करेगा। यह दल समग्र आईटी अवसंरचना की मजबूती, लॉगिन प्रमाणीकरण, उपयोगकर्ता पहुंच प्रणाली, भुगतान गेटवे की सटीकता और सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने में सहायता करेगी।

विदेश मंत्री-रूबियो

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर और अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने आज नई दिल्ली में कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भारत और अमरीका सामरिक भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह भागीदारी व्यापार, ऊर्जा, मोबिलिटी और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से है।

गंगा दशहरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गंगा दशहरा के अवसर पर 25 और 26 मई को उज्जैन में क्षिप्रा तट पर आयोजित परिक्रमा, चुनरी अर्पण, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश से जुड़े विविध आयोजन किए जायेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर 25 मई को प्रदेशभर में वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरियां, नदी एवं जलाशय परिक्रमा, साइकिल रैली, चुनरी अर्पण-पूजन तथा जल और नदियों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेंगीं। वहीं भारत भवन, भोपाल में 'सदानीरा' का आयोजन 27 मई से 2 जून तक किया जायेगा।

बाघ हमला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत ग्राम खेरवा टोला, जिला उमरिया में बाघ के हमले में एक महिला की मृत्यु और कुछ नागरिकों के घायल होने पर दु:ख व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि फुलबाई पति पहलू पाल की हमले में मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हमले में मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घायलों को निशुल्क उपचार और आवश्यक मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

ट्विशा मौत मामला

दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान -एम्स की चार-सदस्यों की मेडिकल टीम ने आज भोपाल में पूर्व मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा का दूसरा पोस्टमार्टम किया। यह पोस्टमार्टम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग तीन घंटे तक चला। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया और भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

उनके परिवार ने मेडिकल टीम से अनुरोध किया था कि वे एक बहु-विषयक फोरेंसिक, पैथोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल दृष्टिकोण अपनाएं और उनकी उन चिंताओं की स्वतंत्र रूप से जांच करें। गौरतलब है कि 33 वर्षीय ट्विशा की मृत्यु भोपाल में उनके ससुराल में हुई थी। ट्विशा के परिवार ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

अग्निवीर भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकृत अभ्यर्थियों का ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 जून से 12 जून तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा। विभिन्न श्रेणियों के लिए यह परीक्षा प्रतिदिन चार शिफ्टों में होगी। सेना भर्ती कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा के लिए भोपाल में केन्द्र आईओएन डिजिटल जोन प्रेस्टीज श्री जयराम एजुकेशन सोसायटी, कोकता बायपास, रायसेन रोड और आईओएन डिजिटल जोन आरजीपीएम, सांखेड़ी, दानिश कुंज, कोलार रोड पर स्थित है।

जी राम जी अधिनियम

सरकार ने जन परामर्श के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 के अंतर्गत मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था अगले महीने की 21 तारीख तक इन मसौदा नियमों पर आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 20 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम - मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 को 11 मई को अधिसूचित किया गया था और यह इस वर्ष पहली जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हो जाएगा।

मौसम-गर्मी

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और लोगों को तेज धूप व लू का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई तक प्रदेश में गर्मी अपने चरम पर रह सकती है। अगले चार दिनों तक लोगों को तेज धूप और गर्म हवाओं से राहत मिलने की संभावना नहीं है। कल से शुरू हो रहे नौतपा के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई गई है। विभाग ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सतर्क रहने की सलाह दी है। वहीं

शहडोल जिले में झुलसा देने वाली गर्मी का असर जलस्रोतों पर भी दिखने लगा है। जिले का सबसे बड़ा बाणसागर बांध 56 प्रतिशत तक खाली हो चुका है। छोटे बांधों की स्थिति और भी चिंताजनक है।

**समाचार संक्षेप में:-**

- छिंदवाड़ा जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य तेजी से जारी है। उपवन संरक्षक अनादी बुधौलिया ने बताया कि अब तक कई क्षेत्रों में लक्ष्य का 50 फीसदी से अधिक संग्रहण पूरा हो चुका है।
- नर्मदापुरम जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा "सबसे पहले सबसे दूर" अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दूरस्थ जनजातीय ग्रामों तक पहुंचकर आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत आज जबलपुर रेलवे स्टेशन पर जबलपुर-पुणे और जबलपुर-बांद्रा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के नियमित संचालन के शुभारंभ अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया।
- खंडवा जिले में पुराने आबकारी मामलों में जब्त शराब के निराकरण की बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने 11 हजार 313 बल्क लीटर से अधिक शराब का नष्टीकरण किया।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आज नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित ''संभावना'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कबीर गायन, बघेली गायन, कानड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

----------------